तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

10 हल्बा-हल्बी समाज का युवक-युवती परिचय



09 गुंडरदेही में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों ...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

खबर संक्षेप

नारागांव में सोलर विलेज की पहल, 50 घरों में लगे सोलर पैनल



बालोद। नारागांव में अब तक कुल 50 घरों को सोलर स्थापित किया जा चुका है और 120 घरों को और किया जा रहा है। जिसमें कुछ हितग्राहियों के खाते में केंद्र सरकार का सब्सिडी भी प्राप्त होने लगा है। छग शासन के पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत नारागांव में 10 सोलर दीदीयों के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। आंचल महिला क्लस्टर, भरदा वेंडर के रूप में पंजीकृत है। जहां कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन, नितेश साहू, एपीओ एनआरएलएम के निर्देशन में कार्य जारी है। सीईओ जनपद पंचायत गुरुर पीएल धुरवे के निर्देशानुसार नारागांव का सोलर विलेज का कार्य प्रभारी बीपीएम लक्ष्मी ठाकुर, एडीईओ एसी हुमेन्द्र नागेश एवं पीआरपी दुर्गा साहू भरदा क्लस्टर द्वारा किया जा रहा है।

बाल्टी में डूबने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत

डौंडीलोहारा। नगर के वार्ड क्रमांक 11 राजापारा में मंगलवार शाम एक हृदयविदारक घटना ने पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। घर में खेल रही डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची जाह्नवी ठाकुर की पानी से भरी बाल्टी में डूबने से मौत हो गई। जिस घर में कुछ देर पहले तक नन्ही बच्ची की किलकारियां गूंज रही थीं, वहां अचानक चीख-पुकार और मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम करीब पांच बजे जाह्नवी अपने घर में खेल रही थी। इसी दौरान वह परिजनों की नजरों से ओझल हो गई। काफी देर तक बच्ची दिखाई नहीं देने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। घर के कोने-कोने में तलाश के बीच परिवार के एक अन्य बच्चे की नजर पानी से भरी बाल्टी में डूबी जाह्नवी पर पड़ी। आनन-फानन में बच्ची को बाल्टी से बाहर निकाला गया और तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बाल्टी में पानी की मात्रा अधिक नहीं थी, इसके बावजूद यह दर्दनाक हादसा हो गया। जिस मासूम ने अभी ठीक से दुनिया को समझना भी शुरू नहीं किया था, उसकी असमय मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। बच्चेके पिता का नाम रामेश्वर ठाकुर बताया गया है। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इस संबंध में सहायक उपनिरीक्षक रुमन सोनवानी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है। बुधवार को बच्ची का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

पुलिस ने हाईवे के किनारे कराया महिला का सुरक्षित प्रसव

हरिभूमि न्यूज. गुरूर

गर्भवती को पीड़ा होने पर डाक्टर व टीम को लेकर पहुंची पुलिस, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए धमतरी जा रही एक गर्भवती महिला को रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ने पर महिला हाईवे किनारे बैठ गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को बुलाया। इसके बाद पुलिस और स्वास्थ्य कर्मियों की सूझबूझ से सड़क किनारे ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। मिली जानकारी के अनुसार गुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम टेंगनाबरपारा निवासी कुसुमलता सिन्हा अपने पति सतीश सिन्हा के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए धमतरी जा रही थीं।

नवजात को पुरूर शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया

प्रसव के बाद महिला और नवजात को पुरूर शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की स्थिति स्वस्थ बताई गई है। आपात स्थिति में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा समय पर सहायता पहुंचाने और सूझबूझ से प्रसव कराने के इस कार्य की क्षेत्र में सराहना हो रही है। उनकी तत्परता से गर्भवती महिला को समय पर जरूरी सहायता मिल सकी।



इसी दौरान फागुनदहा चौक के पास अचानक उन्हें तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। दर्द बढ़ने पर वह वाहन से उतरकर हाईवे किनारे बैठ गईं। स्थिति को देखते हुए उनके पति और राहगीरों ने हाईवे पेट्रोलिंग टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल पुरूर शासकीय अस्पताल से डॉक्टर व नर्स को पुलिस वाहन के माध्यम से घटनास्थल पर बुलाया। स्वास्थ्य कर्मियों ने महिला की स्थिति का जायजा लिया। परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने पुलिस वाहन और चटाई की आड़ में सड़क किनारे ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। स्वास्थ्य कर्मियों की तत्परता और सूझबूझ से सुरक्षित प्रसव संपन्न कराया गया।

विरोध : सात सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, 7 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति और मरीजों से सम्मानजनक व्यवहार की मांग

जिला अस्पताल बालोद में लगातार बिगड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था, डॉक्टरों की मनमानी एवं मरीजों को हो रही परेशानियों के विरोध में जिला युवा कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया।। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का प्रतीकात्मक शव रखकर शोकसभा आयोजित की गई तथा 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

जिला युवा कांग्रेस ने कहा कि अस्पताल में डॉक्टरों की समय पर अनुपस्थिति, मरीजों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं होना, सरकारी अस्पताल की जिम्मेदारियों के बजाय निजी क्लीनिकों को प्राथमिकता दिए जाने की शिकायतें तथा आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी बेहद चिंताजनक है। जिला अस्पताल धीरे–धीरे उपचार केंद्र के बजाय केवल रेफरल सेंटर बनता जा रहा है, यह जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रतीकात्मक शोकसभा के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री को संदेश दिया गया कि आप जिस संवैधानिक पद पर बैठे हैं, उस पद की जिम्मेदारी और अधिकारों का सदुपयोग करते हुए बालोद जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कराएं। केवल घोषणाओं और कागजी व्यवस्थाओं से जनता का इलाज नहीं होगा, अस्पताल में धरातल पर सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी। जिला युवा कांग्रेस ने 7 दिनों का अल्टीमेटम दिया है, यदि निर्धारित समय में 7 सूत्रीय मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो जिला अस्पताल के सामने व्यापक एवं उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिला युवा कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि बालोद जिले की जनता के स्वास्थ्य अधिकार और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए है। अब आश्वासन नहीं, धरातल पर परिणाम चाहिए। जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधरने तक जिला युवा कांग्रेस की आवाज और संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रशांत बाला बोकाडे, शहर अध्यक्ष साजन पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष बालोद मोहनीष पार्कर, पार्षद सुमित शर्मा, सानू पाल, देवेंद्र साहू हिमांशु सोनी, समीर खान, फरहान खान, फैज अली, हर्ष लालवानी काजू, अंश योगी, हिमांशु कुंबज, आर्यन साहू, लोकेश सिन्हा और बालोद के आम नागरिक उपस्थित थे।



गुंडरदेही में 50 हजार रुपए के अवैध पटाखे जब्त, मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

थाना गुण्डरदेही पुलिस द्वारा अवैध पटाखों के भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई कर पचास हजार के फटाके जप्त किए गए। 26 अक्टूबर को थाना गुण्डरदेही पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बघमरा स्थित वार्ड क्रमांक 01 में खिरिया किराना स्टोर्स के पास एक व्यक्ति द्वारा विभिन्न प्रकार के पटाखों का अवैध रूप से भंडारण कर उनकी बिक्री की जा रही है।

सूचना पर थाना गुण्डरदेही पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच एवं कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपी के कब्जे से विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद किए गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 50,000 है। पटाखों के भंडारण एवं बिक्री के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस द्वारा पटाखों को जब्त किया गया।

इस दौरान वार्ड क्रमांक 01 बघमरा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद निवासी आरोपी देवेन्द्र कुमार निषाद पिता बोधीराम निषाद 34 वर्ष के कब्जे से पॉप पटाका लहसुन, टॉप टाइगर बम बड़ा एवं छोटा, टाइगर बम के विभिन्न प्रकार, लड़ी पटाका, माचिस पटाका एवं चुरचुटिया पटाका सहित विभिन्न प्रकार के पटाखे जब्त किए गए। उक्त मामले में थाना गुण्डरदेही में अपराध क्रमांक 367/2026, धारा 288 ▶▶| शेष पेज 08 पर

राज्यस्तरीय भारोत्तोलन स्पर्धा में आशा ने जीता स्वर्ण पदक, दिल्ली में दिखाएंगी दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में 77 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफाई

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) चिखलाकसा की कक्षा 12वीं की होनहार छात्रा आशा गौड़ ने राज्यस्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया है।

बेमेतरा में आयोजित प्रतियोगिता में 77 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। दिल्ली में 31 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आशा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार नायक ने इस उपलब्धि को छात्रा की कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और लगन का परिणाम बताया। खेल शिक्षक जे.एस. ठाकुर ने कहा कि आशा की सफलता अन्य विद्यार्थियों और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। अनुशासन, समर्पण और नियमित अभ्यास से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। आशा की इस उपलब्धि पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडी प्रवीण कुमार चतुर्वेदी तथा विद्यालय के शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय परिसर में छात्रा को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



वैज्ञानिक जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

ससुर की हत्या करने वाली बहू और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

थाना डौंडी लोहारा क्षेत्र में घटित एक सनसनीखेज विद्युत करेंट से हुए हत्या के मामले में पुलिस की प्रभावी एवं वैज्ञानिक विवेचना के परिणाम स्वरूप 2 आरोपी को न्यायालय बालोद द्वारा आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है। प्रकरण थाना डौंडी लोहारा के अपराध क्रमांक 96/25, धारा 103(1), 61(2).238 भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया था।

घटना के प्रारंभिक चरण में मृतक की मृत्यु पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी। मृतक के चेहरा, गला, माथा में जलने जैसा चोट लगा हुआ था, पुलिस ने इस चोट को महत्वपूर्ण पहचान की कड़ी के रूप में लेते हुए तकनीकी एवं मैदानी स्तर पर जांच प्रारंभ की। घटना 16 जुलाई 2025 की रात्रि ग्राम खड़ेनाडी में मनोहर निर्मलकर की मृत्यु होने पर उसकी बहू व परिवार के लोग शमशान घाट ले जाकर शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे, गांव वालों ने पुलिस को सूचना दिया कि मनोहर निर्मलकर का आकस्मिक मृत्यु हुआ हैं और उसके चेहरे, गला व माथा में चोट व जलने जैसा निशान दिख रहा है। मृत्यु के संबंध में शंका जाहिर करने पर तत्काल विधिवत मर्ग एवं अपराध दर्ज कर विवेचना किया गया। विवेचना में पाया गया कि मनोहर निर्मलकर की हत्या उसकी बहू गीता निर्मलकर और उसके प्रेमी हारमोनियम संगीत शिक्षक सिखाने वाले लेखराम निषाद ने रात्रि में सोते समय विद्युत करेंट लगा कर किया है। हत्या की घटना को छुपाने के लिए सायकल से गिरने से चोट लगना बता कर





उसके चेहरे चोट में हल्दी गुलाल एवं तेल लगा दिया था। आरोपीगणों से घटना में प्रयुक्त विद्युत वायर, रबड़ का ग्लब्स, ब्लड युक्त गमछा, मोबाइल को जप्त कर जांच कराया गया। मृतक की मृत्यु का शॉर्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गयां। जिसमें मृत्यु का कारण इलेट्रॉनिक शॉक लगने से होना पाया गया, मृतक के मृत्यु के कारण की जानकारी होने के बाद पुलिस ने उसके संपर्कों, परिवार के सदस्यों की गतिविधियों एवं घटना से जुड़े प्रत्येक पहलू की गहनता से जांच की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सिंह द्वारा प्रकरण की विवेचना को प्राथमिकता देते हुए थाना एवं साइबर सेल पुलिस टीम को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। विवेचना के दौरान घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर महत्वपूर्ण भौतिक एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य कॉल डिटेल संकलित किए गए, इसके साथ ही तकनीकी साक्ष्यों, वैज्ञानिक जांच एवं मैदानी विवेचना का प्रभावी उपयोग किया गया। उपलब्ध तकनीकी जानकारी का विश्लेषण कर घटनाक्रम की कड़ियों को आपस में जोड़ा गया, जिससे पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल हुई जिससे महिला सहित 2 आरोपी को आजीवन कारावास का सजा हुआ है। प्रकरण का संपूर्ण विवेचना तात्कालिक थाना प्रभारी मुकेश सिंह के द्वारा किया गया एवं राज्य शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम सिंह साहू द्वारा प्रकरण का पैरवी किया गया। जिसमे आरोपी ग्राम खड़ेनाडी थाना लोहारा निवासी आरोपी गीताबाई निर्मलकर पति गोकरण निर्मलकर ▶▶| शेष पेज 08 पर

झलमला में जुआ खेलते पांच लोग गिरफ्तार



बालोद। थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में थाना बालोद पुलिस द्वारा 26 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम झलमला नहर नाली के पास रेड कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई तथा जुआ खेल रहे व्यक्तियों को पकड़ा गया। मौके पर जुआ खेलते पाए गए व्यक्तियों के कब्जे एवं पास से नगदी रकम तथा ताश की पत्तीयां बरामद की गईं, आरोपियों के विरुद्ध छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक ▶▶| शेष पेज 08 पर

जुंगेरा में लोक कलाकार कल्याण संघ की संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह

लुप्त होती लोककलाओं को बचाने आगे आएं कलाकार: पद्मश्री डोमार सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

लोक कलाकार कल्याण संघ जिला बालोद के तत्वावधान में ग्राम जुंगेरा में कलाकारों की संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री से सम्मानित डोमार सिंह कुंवर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छ.ग. लोक कलाकार कल्याण संघ के संरक्षक एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक थानसिंह मंडावी ने की।

विशेष अतिथि सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनारायण धनकर, जिला अध्यक्ष नरेश रजक, लोक गायक बिष्णु राम कोठारी, द्वारिका कश्यप थे। मुख्य अतिथि डोमार सिंह कुंवर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जो विधाएं लुप्त हो रही हैं, उन्हें बचाने के लिए कलाकारों को आगे आना होगा, नहीं तो न बचेगा, न तो संस्कृति बचेगी। अध्यक्षता कर रहे थानसिंह मंडावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाने के लिए हमारे लोक कलाकार भरसक मेहनत कर रहे हैं। हमारे लोक कलाकार ही छत्तीसगढ़ी संस्कृति के असली रखवाले हैं, चाहे पंडवानी हो, भरथरी, करमा, ददरिया, पंथी या नाचा–गम्मत हो। उन्होंने संघ के तीन मुख्य उद्देश्यों को बताते हुए कहा हर लोक कलाकार को मंच और समाज में सम्मान दिलाना, छत्तीसगढ़ी लोक कला, वाद्य यंत्र और परम्परा को अगली पीढ़ी तक ले जाना, कलाकार के सुख–दुख में साथ खड़ा होना, शासन की योजनाओं कलाकार पेंशन, बीमा, सहायता राशि का लाभ दिलाना। लोक कलाकार संजू शांडिलय को बीमार होने पर लोककलाकार कल्याण संघ जिला बालोद की ओर से सहायता राशि प्रदान की गई। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष नरेश रजक ने दिया एवं मंच संचालन लोक गायक बिष्णु कोठारी ने किया।



ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कार्तिक राम साहू, ओम प्रकाश यादव, पीलेश्वर साहू, मोहनी देवांगन, निर्मला पटेल, संध्या बाई, कार्तिक राम कुर्रे, नीलम दास मानिकपुरी, नंदकिशोर कुमेटी, संतराम वासनिक, खुमेश दास मानिकपुरी, अशोक श्रीवास, रामकुमार कलामे, दीनबंधु साहू, पूरण महादेवा, जितेन्द्र कुमेटी, मुरली साहू, कामता प्रसाद, परमानन्द साहू, टोमन लाल साहू, संजीव शांडिल्य, लालचंद निर्मलकर, लीलाधर ढालेंद्र, कुमेश सेन, संजू कौमार्य, बिसंभर सिंह कोमारे सहित बड़ी संख्या में कलाकार उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान शुरू यातायात नियम तोड़ेने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- वाहन चालकों को चेतावनी, नियमों का पालन कर सुरक्षित सफर करने की अपील

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पुलिस बालोद द्वारा यातायात नियमों के पालन हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नियमो का कड़ाई से पालन कराने व कार्यवाही के पुर्व बालोद पुलिस ने वाहन चालकों को एक प्रकार से चेतावनी देते हुए सावधान किया है। पुलिस विभाग द्वारा जारी एडवायजरी से स्पष्ट है लग रहा है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कानून का सिकंजा कड़ाई से कसने वाला है। जिला पुलिस बालोद द्वारा आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की गई है कि दोपहिया वाहन चलाते समय स्वयं हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें, तथा पीछे बैठने वाले व्यक्ति की सुरक्षा का ध्यान रखें। तीन सवारी न चलें तथा दोपहिया वाहन पर निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर वाहन न चलाएं। शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं नशे की हालत में वाहन चलाना स्वयं तथा दूसरों के जीवन के लिए गंभीर खतरा है। यातायात नियमों का पालन करें ▶▶| शेष पेज 08 पर

खबर संक्षेप

2 नवंबर को मनेगा राज्योत्सव, नोडल नियुक्त

दुर्ग। जिले में राज्योत्सव कार्यक्रम पुरानी गंजमंडी में 2 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने संचालन समिति का गठन किया गया है। एक दिवसीय राज्योत्सव के लिए तीन सदस्यीय कार्यक्रम संचालन समिति का गठन किया गया है। उपयुक्त समिति में जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे, अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह एवं अपर कलेक्टर खेमलाल वर्मा शामिल हैं। अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह को संपूर्ण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी प्रफुल्ल कुमार गुप्ता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं।

वीरा का शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

दुर्ग। सेजस तितुरडीह स्कूल दुर्ग



की छात्रा वीरा ठाकुर का राज्य शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। बता दें कि 26 वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता 26 अक्टूबर से खैरागढ़ में आयोजित हो रही है। विद्यालय के कक्षा 6 वीं में अध्ययनरत छात्रा वीरा बालिका 14 वर्ष आयु वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। वीरा रविशंकर स्टेडियम में प्रशिक्षक मुकेश श्रीवास्तव और मीनाक्षी नेताम के मार्गदर्शन में खेल का नियमित अभ्यास कर रही हैं। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य, एस त्रिवेदी, चरनजीत कौर भुल्लर, राजेश मारू, गीता पिल्लई, कनक लता वैद्य, उज्जवला भोंदले, एस कला, डॉ. नवनीत कौर नारद, अनुपमा मेश्राम, श्रद्धा गेडाम, अनुपमा जान, स्वीटी वर्मा, सुमन साहू, नुसरत फातिमा, इबरत आफरीन, यामिनी साहू, मनीषा सैमसंग, ईश्वरी कोसरे, मार्टिना ठाकुर आदि ने शुभकामनाएं दी है।

1.38 करोड़ से लगेंगे 200 से ज्यादा बिजली पोल और 10 नए ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर के 60 वार्डों और नई विकसित हो रही बस्तियों एवं कॉलोनियों में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए केबिनेट मंत्री एवं विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण स्वीकृति मिली है। दुर्ग नगर संभाग में विद्युत विस्तार कार्यों के लिए 4.25 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के लिए 1.38 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 200 से अधिक नए विद्युत पोल लगाने के साथ 10 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। साथ ही आवश्यकता के अनुसार विद्युत लाइन विस्तार और पोल शिफ्टिंग के कार्य भी किए जाएंगे। शहर के नागरिकों, पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार नई बस्तियों और कॉलोनियों में बिजली के पोल एवं लाइन विस्तार की मांग की जा रही थी। कई क्षेत्रों में आबादी बढ़ने के बावजूद विद्युत अधोसंरचना के विस्तार की आवश्यकता बनी हुई थी। नागरिकों की इन समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए मंत्री गजेन्द्र यादव ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद विभागीय इंजीनियरों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यों की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

मंत्री गजेंद्र यादव की पहल पर मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत मिली स्वीकृति

व्यवस्था सुधारने ईई को निर्देश

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने विद्युत विभाग के सभी जोन के कार्यपालन अभियंताओं को नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार विद्युत पोल, लाइट और अन्य सुविधाओं में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। दुर्ग जिला मुख्यालय होने के कारण शहर में जिलेभर से लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में सड़कों एवं बस्तियों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सुचारु विद्युत आपूर्ति नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।



10 नए ट्रांसफार्मर से विद्युत लोड की समस्या होगी दूर

स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में 10 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। इससे संबंधित क्षेत्रों में विद्युत लोड की समस्या कम करने और बिजली व्यवस्था को अधिक सुचारु बनाने में मदद मिलेगी। वहीं, नई विकसित कॉलोनियों में विद्युत लाइन विस्तार होने से रहवासियों को लंबे समय से हो रही परेशानियों से राहत मिलेगी। गजेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्ग शहर के आउटर क्षेत्रों में विकसित हो रही कॉलोनियों में विद्युत लाइन विस्तार की मांग लंबे समय से की जा रही थी। नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए इन कार्यों की स्वीकृति दिलाई गई है। हमारा प्रयास है कि शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो और नागरिकों को बेहतर विद्युत व्यवस्था का लाभ मिले।

भिलाई और दुर्ग भाजयुमो ने रैली निकालकर दर्ज कराया विरोध

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भाजयुमो ने फूंका पुतला, कहा- कांग्रेस नेताओं में दिख रही हताशा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई/दुर्ग

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के संबंध में की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो ने पटेल चौक में पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि बयान राजनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन है। कांग्रेस नेताओं द्वारा पूर्व में भी आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं। कांग्रेस के भीतर की हताशा और खीझ अब उसके नेताओं की जुबान से सामने आने लगी है। लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन किसी के परिवार को निशाना बनाकर। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक संतोष सोनी, विनोद अरोरा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, शिवेंद्र परिहार, मनोज सोनी, अशोक राठी, पवन शर्मा, गिरेश साहू सहित अन्य मौजूद थे। सकारात्मक चर्चा करने के बजाय व्यक्तिगत टिप्पणियों का सहारा लेने की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उनके परिवार के विरुद्ध की जाने वाली ऐसी टिप्पणियों का जनता लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देती रही है। कांग्रेस को अपनी भाषा और व्यवहार में संयम रखते हुए राजनीतिक शुचिता का पालन करना चाहिए।

इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष हिमांशु सिंह ने कहा कि बयान देश की राजनीतिक संस्कृति का अपमान है। राजनीति में विचारों और नीतियों के आधार पर विरोध होना चाहिए, न कि किसी के परिवार को निशाना बनाकर। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक संतोष सोनी, विनोद अरोरा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, शिवेंद्र परिहार, मनोज सोनी, अशोक राठी, पवन शर्मा, गिरेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

दुर्ग में पटेल चौक और भिलाई में सिरसा चौक में प्रदर्शन



भिलाई में सिरसा चौक पर कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी

भिलाई। भाजयुमो ने भिलाई-3 स्थित सिरसा गेट चौक पर पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि राजनीतिक आलोचना तथ्यों, तर्कों और जनहित पर आधारित होनी चाहिए। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं और विपक्ष को सरकार की नीतियों की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक संवाद में भाषा की मर्यादा बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत टिप्पणियों के बजाय नीतियों और विचारों पर चर्चा करना लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है। सभी राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों को सार्वजनिक जीवन में शालीनता एवं संयम बनाए रखना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र की मजबूती विचारों की विविधता, असहमति के सम्मान और स्वस्थ बहस में निहित है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन इसे मर्यादित संवाद के दायरे में बनाए रखना सभी दलों की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर भाजयुमो के जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महामंत्री मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, मनोज तिवारी, चिन्ना, परास जंघेल, खिलावन साहू, राधेश्याम वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के तहत 31 को पदयात्रा



दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 31 अक्टूबर को पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पदयात्रा के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पदयात्रा के रूट मैप, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कार्यक्रम के बेहतर समन्वय और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा हुई। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा किलोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी की ओर से एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर जनता के बीच संवाद स्थापित करना तथा इससे संबंधित विषयों पर जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से आम नागरिकों तक कार्यक्रम का संदेश पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की तैयारियों में सक्रिय सहभागिता निभाने और आपसी समन्वय के साथ पदयात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की जिला संयोजिका अलका बाघमार, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, विनोद अरोरा, सरिता मिश्रा, शिवेंद्र परिहार सहित अन्य मौजूद थे।

देश का ध्यान भटकाने में जुटे हैं कांग्रेसी : नितेश

दुर्ग। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता



के संदर्भ में दिए गए आपत्तिजनक बयान का कड़ा विरोध करते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता नितेश साहू ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति अब वैचारिक दिवालियापन और अमर्यादित भाषा के स्तर तक पहुंच गई है। देश के प्रधानमंत्री के प्रति इस तरह की भाषा का प्रयोग करना न केवल निंदनीय है, बल्कि कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति और उसके नेतृत्व की सोच को भी उजागर करता है। नितेश साहू ने कहा कि खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत आज कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति पर सटीक बैठती है। जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस अब अपनी हताशा में मर्यादाओं को भी भूलती जा रही है।

उच्च शिक्षा में नवाचार के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला 25 से 27 दिसंबर तक

भिलाई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, उच्च शिक्षा में नवाचार और शिक्षा के विभिन्न आयामों पर व्यापक विमर्श के लिए श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में 25, 26 और 27 दिसंबर को तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं कार्यकर्ता विकास वर्ग का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से लगभग 300 कार्यकर्ताओं की सहभागिता प्रस्तावित है। कार्यशाला में शिक्षाविद्, विषय विशेषज्ञ और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। कार्यशाला की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने कहा कि कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा को प्रोत्साहित करना और विभिन्न ज्ञान-विषयों के बीच समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विभिन्न शैक्षणिक आयामों पर सार्थक चर्चा और व्यावहारिक पहल आवश्यक है।

पेज 7 का शेष

गुंडरदेही में 50 हजार ...

भारतीय न्याय संहिता एवं विस्फोटक अधिनियम की धारा 9(ख) (1)(ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि पटाखों का भंडारण एवं विक्रय निर्धारित नियमों तथा वैध लाइसेंस के अनुसार ही करें, बिना वैध अनुमति के पटाखों का भंडारण एवं बिक्री न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

ससुर की हत्या करने ...

30 वर्ष, ग्राम बड़गांव थाना लोहारा जिला बालोद निवासी लेखराम निषाद पिता फकीर राम 25 वर्ष है।

सड़क सुरक्षा को लेकर ...

एवं वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज साथ रखें तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें। आगामी दिनों में जिला पुलिस बालोद द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर निगरानी बढ़ाते हुए आवश्यकतानुसार जांच अभियान चलाया जाएगा। हेलमेट नहीं पहनने, तीन सवारी चलने, शराब पीकर वाहन चलाने एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रचलित कानून के अनुसार चालानी एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस बालोद ने आम नागरिकों से अपील की है कि यातायात नियमों को केवल कानूनी बाध्यता न समझें, बल्कि अपने और अपने परिवार के जीवन की सुरक्षा का माध्यम बनाएं। नियमों का पालन करें और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में पुलिस का सहयोग करें।

झलमला में जुआ खेलते ....

कार्रवाई की गई। प्रलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले मे ओरापी ग्राम चरोटा थाना बालोद निवासी शत्रुहन ठाकुर पिता कृपाराम ठाकुर 28 वर्ष, चितरंजन यादव पिता जगदीश राम यादव 29 वर्ष, लिकेश्वर ठाकुर पिता बलदेव राम ठाकुर 30 वर्ष, ग्राम झलमला निवासी युगांत कुमार पटेल पिता स्व. टोमन लाल पटेल 29 वर्ष, तामेश्वर पटेल पिता स्व. थानसिंह पटेल 40 वर्ष के पास से नगदी रकम 2,050 ताश की पत्ती 52 नग, जप्त किया गया है। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध जुआ, सट्टा एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें, ऐसी गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक में हुई चर्चा

भिलाई। भिलाई नगर निगम के आगामी चुनाव की तैयारियों और संगठनात्मक रणनीति को लेकर भाजपा पश्चिम मंडल की बैठक महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7 में आयोजित की गई। बैठक में मंडल के समस्त पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों एवं महामंत्रियों, प्रकोष्ठ संयोजकों एवं सहसंयोजकों व शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक व बूथों के बीएलए-2 की उपस्थिति में विभिन्न संगठनात्मक विषयों चर्चा हुई। साथ ही आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों, मतदाता पुनर्निरीक्षण, बूथ समिति के गठन, संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने व मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, त्रुटिपूर्ण नामों में सुधार व नियमानुसार नाम विलोपित कराने से संबंधित जानकारी घर-घर तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। बैठक में इन्द्रजीत सिंह खालसा, संजय दानी, चंद्रकांता मांडले, रामकुमार गुप्ता, मनीष पांडे आदि उपस्थित थे। अध्यक्षीय भाषण मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी और मंच संचालन महामंत्री बी पद्मनाभन, आभार महामंत्री ऋतुराज शर्मा ने किया।

देश की प्रगति और विकास में योगदान के लिए युवाओं की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में सोमवार को साइंस कॉलेज में युवा संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने युवा नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को

- साइंस कॉलेज में युवा संवाद का आयोजन

लोकतांत्रिक जागरूकता को बढ़ावा देने, सूचित भागीदारी को प्रोत्साहित करने और राष्ट्र-निर्माण में युवाओं की भूमिका को उजागर करने के लिए एक साझा मंच पर एक साथ लाया गया। कार्यक्रम में 300 से अधिक छात्रों और युवा नागरिकों ने भाग लिया।

राष्ट्रव्यापी विकसित भारत युवा संवाद पहल के तहत 5 नवंबर तक 500 विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुर्ग नगर निगम महापौर अल्का बाघमार शामिल हुई। कार्यक्रम में





नेटबॉल मीशा कुमारी, खो-खो के अंकुश सिंह, दीपांशु नेताम सहित खेल आइकन व युवा आइकन उपस्थित रहे। इनकी सहभागिता से कार्यक्रम में सार्वजनिक नेतृत्व, खेलों में उत्कृष्टता और युवाओं की आकांक्षाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार करने का अवसर मिला। बाघमार ने युवाओं की सक्रिय सहभागिता का आव्हान किया और विस्तारपूर्वक एसआईआर के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में महापौर द्वारा एसआईआर एवं मतदान से संबंधित युवाओं के प्रश्नों का जवाब दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों और महापौर के बीच एक संवादात्मक बातचीत थी। कार्यक्रम का समापन लोकतांत्रिक शपथ के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे माय भारत से उपनिदेशक नितिन शर्मा, दुर्ग के युवा अधिकारी क्षितिज, ढाल सिंह साहू एवं माय भारत स्वयंसेवक योगेश साहू, मृदुल निर्मल, निखिल कुमार आदि मौजूद थे।

युवाओं की सहभागिता है आवश्यक

युवा संवाद पहल युवाओं को लोकतांत्रिक संस्थाओं के करीब लाकर, युवा संवाद एक ऐसी पीढ़ी बनाने का प्रयास करता है जो न केवल देश की प्रगति के बारे में जागरूक है बल्कि इसमें सक्रिय रूप से योगदान भी देती है। यह पहल युवा शक्ति को राष्ट्र-निर्माण के केंद्र में रखती है, जो युवा नागरिकों को अपने विचारों, आकांक्षाओं और जिम्मेदारी की भावना को विकसित भारत-2047 की दिशा में सार्थक योगदान में बदलने के लिए प्रोत्साहित करती है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर हुआ आयोजन

वंदेमातरम के उद्घोष की सुमधुर और वीर रस से भरी ध्वनियों के बीच स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन, जाना अपना इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दुर्ग के विवेकानंद उपनगर में युगाब्ध 5128 विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करते हुए भाग लिया, जिसे देखने और स्वागत करने के लिए समूचा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर हो गए। शताब्दी वर्ष के विशेष उत्साह के साथ आयोजित इस पथ संचलन में विवेकानंद उपनगर के कोने-कोने से सैकड़ों स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। घोष की सुमधुर और वीर रस से भरी ध्वनियों के बीच स्वयंसेवकों का अनुशासित संचलन जिस मार्ग से भी गुजरा, वहां का वातावरण जय श्रीराम और भारत माता की जय, वंदेमातरम् के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। तरुण, बाल और वरिष्ठ स्वयंसेवकों का यह संगम राष्ट्र प्रथम की भावना को प्रदर्शित कर रहा था। पथ संचलन के स्वागत के लिए वार्ड 53 और 54 के वार्डवासी, मातृशक्ति और युवा वृंद सड़कों पर उमड़ पड़े। जैसे ही स्वयंसेवकों का कारवां आगे बढ़ा, नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर और आरती उतारकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। यह दृश्य समाज और संघ के अटूट रिश्ते को परिलक्षित कर रहा था।



वक्ताओं ने 100 वर्ष के इतिहास से कराया अवगत

वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में संघ के 100 वर्षों की यात्रा, राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों के अवदान और समरस समाज के निर्माण पर बल देते हुए पंच परिवर्तन विषयक उद्बोधन दिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और तरुण बालक-बालिकाएं राष्ट्रभक्ति के इस महायज्ञ के साक्षी बने। कार्यक्रम को सुचारू और अनुशासित ढंग से संपन्न कराने में स्थानीय व्यवस्थाओं का विशेष योगदान रहा। इसके लिए शासन-प्रशासन और स्थानीय निकाय द्वारा कराए गए कार्यों का आभार व्यक्त किया गया।

विविध संगठनों एवं स्वदेशी जागरण मंच की भी रही उपस्थिति

इस उत्सव में समाज के विभिन्न सामाजिक और वैचारिक संगठनों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। विशेष रूप से स्वदेशी जागरण मंच परिवार ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया सनातन संस्कृति और हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के लिए उमड़ी यह जन समुदाय इस बात का स्पष्ट प्रतीक है कि हमारे पूर्वजों ने राष्ट्र निर्माण का जो बीज बोया था, उसे पुष्पित, पल्लवित और संरक्षित करने की जिम्मेदारी वर्तमान पीढ़ी ने पूरी निष्ठा के साथ अपने कंधों पर ले ली है। कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिधियों और नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। मंच पर मुख्य रूप से लखन लाल साहू, जिला संघचालक गंगाधर जाधव, मुख्य वक्ता सुनील पटेल, उपनगर कार्यवाह संतोष कुमार सिन्हा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

नशा मुक्ति अभियान से जुड़ेंगे लोक कलाकार, होगा सम्मेलन

दुर्ग। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अब छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार भी सहभागी बनेंगे। दुर्ग के एसएसपी विजय अग्रवाल ने कलाकारों और समाजसेवियों के सहयोग से अभियान को व्यापक बनाने की कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत जल्द ही अगासदिया परिसर में लोक कलाकारों और कलादलों के प्रमुखों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें नाचा, पंडवानी और मंच की अन्य विधाओं के माध्यम से नशे के खिलाफ जनजागरण की रणनीति बनाई जाएगी। इस संबंध में एसएसपी विजय अग्रवाल ने साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा, अगासदिया के सहयोगी नीतीश वर्मा और शायर अब्दुल कलाम के साथ चर्चा की। प्रस्तावित अभियान को दुर्ग जिले में सफल रहे साक्षरता अभियान की तर्ज पर जनभागीदारी से आगे बढ़ाने की योजना है। प्रस्तावित अभियान से पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, पद्मश्री उषा बारले, पद्मश्री राधेश्याम बारले, महेश वर्मा, राजेन्द्र साहू, राजेश राजपूत, महंत लीलाधर, आरती बारले, रेणु साहू और चेतन देवांगन सहित अन्य कलाकारों को जोड़ने की योजना है।



खबर संक्षेप

टेलर दुकान में लगी आग

भिलाई। टेलर दुकान में अचानक आग लग जाने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 6 सी मार्केट के टेलर एवं कपड़े दुकान में आग लग गई। सूचना पर करीब डेढ़ घंटे लेट दमकल की टीम पहुंची। तेज आग से टेलर दुकान में आग से कई कपड़े जल गए। आगजनी में बीएसपी का दमकल भी देर से पहुंचा था। समय पर दमकल पहुंचती तो कई सामान जलने से बच जाता। लेकिन देर होने से टेलर दुकान का सारा कपड़ा जलकर खाक हो गया।

बीआरएम की टीम ने सीसीक्यूसी में जीता गोल्ड

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल की टीम सारथी ने शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस में आयोजित चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (सीसीक्यूसी) में गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया। टीम ने अपने प्रोजेक्ट की प्रभावी प्रस्तुति के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की। टीम सारथी के सदस्यों में फैसिलिटेटर अनिल कुमार द्विवेदी सदस्य धनराज साहू, शुभम शिंदे, कुंतेलाल, यशवंत कुमार व आशीष शामिल थे। इस उपलब्धि पर मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने टीम के सदस्यों को सम्मानित किया। महाप्रबंधक आशीष, शाश्वत मोहंती, समीर पांडे, शिखर तिवारी और तुषार श्रीखंडे भी उपस्थित थे।

संचालक पदों के लिए 2 नामांकन 12 को मतदान

भिलाई। बीएसपी कर्मचारी दैनिक यात्री सहकारी सायकल एवं स्कूटर स्टैण्ड, भिलाई पावर हाउस दुर्ग के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य सहकारी निर्वाचन के आदेश के तहत समिति के संचालक मंडल के चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया है। रिटर्निंग अधिकारी पारूल श्रीवास्तव ने बताया कि समिति के संचालक मंडल में कुल 9 सदस्यों का निर्वाचन किया जाना है। इनमें सामान्य वर्ग के 6 पद (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 2 पद), अन्य पिछड़ा वर्ग के 2 तथा अनुसूचित जाति वर्ग का 1 पद शामिल है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए कोई पद निर्धारित नहीं है। वहीं 2 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक संस्था कार्यालय पावर हाउस में नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी, जबकि 3 नवम्बर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा में एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन होगा।

निधन

ललिता बाई भंसाली

डौंडीलोहारा। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी लूणकरण राजू भंसाली की धर्मपत्नी ललिता बाई भंसाली उम्र 53 वर्ष का निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार 27 अक्टूबर दिन मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमचंद भंसाली की चाची तथा रजत, राहुल की माता थी।



आयोजन

आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों से ही गांवों का समग्र विकास संभव

गुंडरदेही में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग द्वारा त्रि–स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह एवं सम्पूर्ण ग्राम विकास सम्मेलन का आयोजन ब्रह्माकुमारीज पाठशाला वरदानी भवन गुण्डरदेही में किया गया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर थी। अध्यक्षता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा ने किया। अतिथि क्षेत्रीय संचालिका नवापारा–राजिम ब्रह्माकुमारी अंशु, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चन्द्राकर, जिला अध्यक्ष सरपंच संघ क्रांतिभूषण साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराम साहू, संरक्षक दोषण साहू, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, मीना साहू, जनपद सदस्य रीना डोमन देशमुख, ममता सेन, संध्या खरे, हेमपुष्पा साहू, जयता राम साहू, योगेश्वर साहू सहित गुण्डरदेही विकासखंड के सैकड़ों सरपंचगण उपस्थित थे। वरदानी भवन गुण्डरदेही की संचालिका ममता बहन ने ब्रह्माकुमारीज के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन करना और आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से समाज में शांति एवं नैतिक मूल्यों की स्थापना तथा व्यसन मुक्त बनाना है।

मुख्य अतिथि तारणी चन्द्राकर ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा विश्व शान्ति द्वारा समाज का कल्याण तथा गांव–गांव में चलाया जा रहा नशामुक्ति और संस्कार अभियान सराहनीय है। शासन की योजनाओं में प्राण तब आते हैं जब गांव में संस्कार, एकता और पवित्रता हो। आध्यात्मिकता के बिना विकास अधूरा है अतः हम सब आध्यात्मिकता को अपना कर जीवन में सुख शान्ति प्राप्त कर सकते हैं। पुष्पा ने कहा पंचायत का अर्थ पंच–परमेश्वर है। सच्चा विकास तन–मन–धन तीनों का विकास है। नैतिक–चारित्रिक बल से ही पारदर्शी प्रशासन संभव है।

नारी दो कुल नहीं, पूरे गांव का उद्धार करती है। जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चन्द्राकर ने कहा सच्चा विकास भवन से नहीं भावना से होता है। क्रांतिभूषण साहू ने कहा सरपंच का सबसे बड़ा दायित्व युवाओं को नशे से बचाना है, हर गांव में राजयोग क्लास शुरू होना चाहिए। लेखराम साहू और दोषण साहू ने कहा नैतिक बल के बिना कोई सरपंच सफल नहीं हो सकता। व्यसन मुक्त ग्राम ही सपनों का ग्राम है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- टाउन हॉल में युवा दिखाएंगे अपनी कला और प्रतिभा

युवाओं की कला, संस्कृति और रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन बालोद एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2026–27 का आयोजन 30 अक्टूबर को किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन मुख्यालय स्थित टाऊन हॉल में प्रातः 11 बजे से होगा। इस उत्सव के माध्यम से जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और अपनी कला एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार युवा उत्सव के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रें के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना तथा कला एवं संस्कृति के प्रति उनकी रुचि को बढ़ावा देना है। जिला स्तरीय युवा उत्सव में बालोद जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी तथा 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के संगतकार शामिल हो सकेंगे। आयोजन में 600 से अधिक युवा कलाकारों, छात्र–छात्रओं, शिक्षकों, ज न प्र ति नि धि यों, अधिकारी–कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकगण सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में किया जाएगा।

युवा उत्सव युवाओं को अपनी कला और प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ ही आत्मविश्वास बढ़ाने तथा सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा। जिला प्रशासन द्वारा युवाओं से इस आयोजन में भाग लेने की अपील की गई है। कार्यक्रम के संबंध में अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए संयुक्त जिला कार्यालय, बालोद के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान संपर्क किया जा सकता है।

भर्रीटोला में कृषक जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- किसानों को फसल विविधीकरण और जल संरक्षण की दी जानकारी

भारत सरकार की योजना के अंतर्गत संचालित खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने ग्राम भर्रीटोला–36 (डौंडी) में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें किसानों को फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, मृदा बढ़ाने और जल संरक्षण की जानकारी दी गई।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. के.आर. साहू ने धान के स्थान पर उपयुक्त रबी फसलें अपनाने, फसल चक्र में बदलाव और गोबर खाद के उपयोग की जानकारी दी। डॉ. भीमेश्वरी साहू ने प्राकृतिक खेती की तकनीकों तथा डॉ. दीपशिखा मनु चंद्राकर ने वैकल्पिक फसलों के माध्यम से जल संरक्षण पर जोर दिया। किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान करने के साथ दलहन–तिलहन के उन्नत बीजों की जानकारी भी दी गई। 27 से 29 अक्टूबर तक प्रतिकूल मौसम की संभावना को देखते हुए वैज्ञानिकों ने कटाई के बाद फसल एवं उपज को सुरक्षित स्थान पर रखने तथा मौसम और फसल की परिपक्वता के अनुसार कटाई करने की सलाह दी। ग्राम चिखली एवं अडजाल में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अरहर के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का निरीक्षण किया गया। साथ ही कुल्थी फसल के प्रक्षेत्र का भ्रमण कर किसानों को उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों और बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता रही। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाने और फसल विविधीकरण के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

भाजपा की बैठक में 'लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ' अभियान की रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- जिला कार्यालय जुंगेरा में जुटे पदाधिकारी और कार्यकर्ता

भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय जुंगेरा में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के तहत आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और संगठनात्मक एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी संध्या परगनिया ने आगामी कार्यक्रमों को योजनाबद्ध एवं अनुशासित तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। वहीं, डौंडी विधानसभा प्रभारी एवं छग बीज भंडार निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू तथा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने संगठन की मजबूती, जनसंपर्क विस्तार और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।

बैठक में अभियान के तहत पदयात्र, बौद्धिक एवं युवा संवाद, छात्र प्रतियोगिताओं, इन्फ्लुएंसर्स आउटरीच और विशेषांक पत्रिका सहित विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर संयोजकों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर बिलासपुर संभाग सह प्रभारी अभिषेक शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, वरिष्ठ नेता लेखराम साहू एवं नरेश यदु सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया तथा आभार जिला महामंत्री सौरभ लुनिया ने व्यक्त किया।

पटवारियों की हड़ताल के बीच आम जनता को राहत, आरआई को प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र समय पर जारी करने के लिए कहा

पिछले करीब 15 दिनों से पटवारियों की हड़ताल के कारण आम नागरिकों के रोजमर्रा के जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने नागरिकों को राहत देने के लिए प्रशासन को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर के निर्देश के बाद प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि हड़ताल के कारण आम जनता को किसी तरह की परेशानी न हो। सभी संबंधित राजस्व निरीक्षकों (आरआई) को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र समय पर जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा नागरिकों से जुड़े अन्य जरूरी दस्तावेजों और शासकीय कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आम लोगों के दैनिक जीवन से जुड़े कार्योंमें अनावश्यक देरी न हो और उन्हें समय पर सुविधाएं मिलें।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। हड़ताल के बावजूद जरूरी शासकीय सेवाएं सुचारु रूप से जारी रहनी चाहिए। कलेक्टर के त्वरित और संवेदनशील निर्णय से आम जनता को राहत मिलेगी। साथ ही, शासकीय योजनाओं और जरूरी सेवाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का काम भी सुचारु रूप से जारी है।

बाल अधिकारों और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक हुए विद्यार्थी

बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दल्लीराजहरा स्थित निजी विद्यालय में 'मिशन वात्सल्य' एवं 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के प्रति सजग व जिम्मेदार बनाना रहा।

शिविर में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा अध्यक्ष तोरण साहू ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए शिक्षा के साथ नैतिक संस्कारों का होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि छगन लाल साहू तथा नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के पार्षद भूपेंद्र श्रीवास थे। जागरूकता शिविर के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह की रोकथाम, बाल श्रम उन्मूलन, बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार से बचाव तथा बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, पॉक्सो एक्ट (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012), किशोर न्याय अधिनियम 2015, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति तथा मिशन शक्ति के विभिन्न घटकों से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए आपात स्थिति अथवा शोषण से बचाव हेतु 'चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098' तथा 'महिला हेल्पलाइन नंबर 181' के उपयोग की जानकारी दी और किसी भी समस्या के समाधान के लिए इन नंबरों पर संपर्क करने को कहा।षकार्यक्रम के दौरान बैनर व पोस्टरों के माध्यम से बच्चों के सवांर्गीण विकास तथा महिलाओं व बालिकाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने में समाज की सहभागिता पर बल दिया गया।

इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक (मिशन शक्ति) डॉ. एस. कुमार, काउंसलर अनिल सिन्हा, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर परमानंद, सुपरवाइजर नेहा चंद्राकर, मोना रावत, मिशन वात्सल्य की मास्टर ट्रेनर (डौंडीलोहारा) रणतिका रात्रे, ओआरडब्ल्यू गुणवती, चैतन्य संस्था से रोशनी यादव, विद्यालय के प्राचार्य सहित रीता लीनियस, दीपा राजेश, संगीता, दुर्गा साहू, सुमन ठाकुर, समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

वीटीएस और सर्वर की दिक्कतों से जूझ रहे हैं अनेक ट्रांसपोर्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी के विभिन्न प्रवेश द्वारों पर वाहनों की आवाजाही में आ रही समस्याओं को लेकर भिलाई ट्रक ट्रेलर परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने सीआईएसएफ मुख्यालय, भिलाई में उपमहानिरीक्षक चंदन झा से मुलाकात की। बैठक में वाहन निगरानी प्रणाली, सर्वर संबंधी तकनीकी समस्याओं तथा वाहनों की प्रवेश और निकासी प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया गया। संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने संयंत्र के विभिन्न प्रवेश द्वारों पर ट्रांसपोर्टरों और वाहन चालकों को होने वाली परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने वाहन निगरानी प्रणाली और सर्वर में आ रही समस्याओं के साथ ही वाहनों के प्रवेश और निकासी की प्रक्रिया में होने वाली बाधाओं की जानकारी दी। बैठक में इन समस्याओं के निराकरण और परिवहन व्यवस्था को सुचारु बनाने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उद्देश्य यह रहा कि संयंत्र के प्रवेश द्वारों पर तकनीकी दिक्कतों और अन्य बाधाओं को दूर कर वाहनों की आवाजाही बेहतर बनाई जा सके तथा ट्रांसपोर्टरों को होने वाली परेशानियों में कमी आए। बैठक में सीआईएसएफ कमांडेंट कुंवर बहादुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

टोल प्लाजा से स्थानीय ग्रामीणों ने निःशुल्क आवागमन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

20 गांवों के ग्रामीणों और स्कूली वाहनों को टोल से छूट देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



झलमला से कुसुमकसा होते हुए मानपुर की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-930 पर ग्राम जमही के पास टोल प्लाजा शुरू होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने निःशुल्क आवागमन की सुविधा देने की मांग उठाई है। टोल प्लाजा के आसपास लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के ग्रामीणों को राहत देने की मांग को लेकर पंचायत जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, डौंडी-दल्लीराजहरा को ज्ञापन सौंपा।

जनप्रतिनिधियों ने मांगों का निराकरण नहीं होने पर 28 अक्टूबर से टोल प्लाजा के समीप धरना-प्रदर्शन और 30 अक्टूबर को चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। पंचायत जनप्रतिनिधियों ने बताया कि ग्रामीणों को जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय, तहसील कार्यालय, स्कूल, अस्पताल सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए इस मार्ग से नियमित आवागमन करना पड़ता है। ऐसे में केवल 10 से 20 किलोमीटर की दूरी तय करने पर भी टोल शुल्क देना ग्रामीणों के लिए आर्थिक परेशानी का कारण बनेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि दल्लीराजहरा और डौंडी की ओर जाने के लिए मानपुर चौक तक राष्ट्रीय राजमार्ग का उपयोग करने वाले स्थानीय लोगों से टोल शुल्क क्यों लिया जाए।

ग्रामीणों ने ग्राम दानिटोला, गुजरा, बोरिद, बनगांव, भैंसबोड़, सुवरबोड़, कुसुमकसा, अड़जाल, खलारी, धुर्वाटोला, करियाटोला, शिकारीटोला, गिधाली, बकलीटोला, चिपरा, भर्रीटोला, रजही, ककरेल, अरमुरकसा और पथराटोला सहित आसपास के गांवों के चारपहिया वाहनों तथा स्कूली वाहनों को टोल प्लाजा पर निःशुल्क आवागमन की सुविधा देने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों ने प्राथमिकता के आधार पर छत्तीसगढ़ में पंजीकृत सीजी-24 नंबर के चारपहिया वाहनों सहित अन्य स्थानीय पंजीकृत वाहनों को बालोद जिले के आधार कार्ड के आधार पर टोल शुल्क से छूट देने की मांग भी रखी। उनका कहना है कि स्थानीय निवासियों को रोजमर्रा के आवागमन में अनावश्यक आर्थिक बोझ से बचाने के लिए उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, कुसुमकसा सरपंच वेद बाई पिस्दा, गुजरा सरपंच पार्वती मंडावी, अरमुरकसा सरपंच हलधर गोरे, सुवरबोड़ एवं अड़जाल के सरपंच, खलारी सरपंच नितिन जैन, उपसरपंच अनिल सुथार, पूर्व जनपद सदस्य शिवराम सिंन्द्रामे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।









खबर संक्षेप

मासिक बैठक 1 नवम्बर को

बालोद। छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील इकाई अजुंर्दा की मासिक बैठक संकुल केंद्र भवन अजुंर्दा में 1 नवम्बर दोपहर 12:00 बजे रखा गया है।यह जानकारी केशव लाल साहू ने दी है।

नगर पंचायत गुण्डरदेही में पटाखा व्यापारियों की बैठक

गुण्डरदेही। नगर पंचायत गुण्डरदेही में मंगलवार को पटाखा व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पार्षद सलीम खान, फैज बख्श सहित पटाखा व्यापारी उपस्थित थे। बैठक में पटाखा व्यापारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए लाइसेंस संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करने तथा निर्धारित शुल्क जमा करने की रसीद प्राप्त करने के लिए कहा गया, साथ ही पटाखा दुकानों के लिए उपयुक्त स्थल का चयन करने एवं व्यापारियों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की गई, ताकि व्यापारी व्यवस्थित रूप से अपना व्यवसाय कर सकें। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नगरवासियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यापारियों को सुरक्षित एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप पटाखों का व्यवसाय करने की सलाह दी।

1 नवंबर को होगा जिला सीनियर वॉलीबॉल टीम का चयन

दल्लीराजहरा। 21वीं सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2026 में बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया 1 नवंबर को दल्लीराजहरा में आयोजित की जाएगी। चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 नवंबर तक पुसौर, जिला रायगढ़ में किया जाएगा। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों की महिला एवं पुरुष टीमें हिस्सा लेंगी। दोपहर 1 बजे होगा चयन बालोद जिला टीम का चयन 1 नवंबर, रविवार को दल्लीराजहरा वॉलीबॉल एसोसिएशन के मैदान में दोपहर 1 बजे से होगा। जिले के इच्छुक महिला एवं पुरुष खिलाड़ी निर्धारित समय पर पहुंचकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों का चयन उनकी खेल क्षमता और प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

नारकोटिक और साइकोट्रॉपिक दवा की खरीद-बिक्री रिकॉर्ड में मिली गड़बड़ी

दुर्ग। नारकोटिक और साइकोट्रॉपिक औषधियों की खरीद-बिक्री पर निगरानी रखने के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन दुर्ग तथा नारकोटिक नियंत्रण विभाग रायपुर की संयुक्त टीम ने दुर्ग और भिलाई के पांच मेडिकल स्टोरों की जांच की। सोमवार को की गई इस कार्रवाई में दो मेडिकल स्टोरों में अनियमितताएं सामने आईं। विभाग के अनुसार, इन दुकानों में दवाओं की खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड नियमानुसार नहीं पाए गए और पंजीकृत फार्मासिस्ट भी अनुपस्थित मिले। संबंधित संचालकों के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली, 1945 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन : संस्कारों के साथ आधुनिक अवसरों से जुड़ना जरूरी: डॉ. देवेंद्र माहला

हल्बा-हल्बी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 65 युवाओं ने साझा की जीवनसाथी की अपेक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



समाज की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने, पारिवारिक मूल्यों को सुकृढ़ करने और नई पीढ़ी को बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने अखिल भारतीय हल्बा–हल्बी आदिवासी समाज, छत्तीसगढ़ केंद्रीय महासभा, मुख्यालय बालोद द्वारा युवक–युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। बिहाव मड़वा पत्रिका विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. देवेंद्र माहला ने की।

समारोह में समाज के युवक–युवतियों, उनके पालकों, सामाजिक पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। सम्मेलन के दौरान 65 युवक–युवतियों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता, कैरियर, रुचियों और भावी जीवन की अपेक्षाओं को साझा किया। इस आयोजन ने समाज के युवाओं को एक–दूसरे को समझने, विचारों का आदान–प्रदान करने और जीवनसाथी के चयन के लिए मंच प्रदान किया। कार्यक्रम मे बिहाव मड़वा पत्रिका के छठवें अंक वर्ष 2026–27 का विमोचन किया गया। यह पत्रिका समाज में वैवाहिक परिचय की परंपरा को व्यवस्थित स्वरूप देने के साथ–साथ युवाओं को शिक्षा, रोजगार, करियर निर्माण और सामाजिक जागरूकता से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय हल्बा–हल्बी आदिवासी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र माहला ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता, संस्कारों और शिक्षित युवा पीढ़ी में निहित होती है, समाज की प्रगति तभी संभव है जब हम अपनी सांस—तिक परंपराओं को सहेजते हुए समय की आवश्यकताओं के अनुरूप नई पहल करें। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में युवाओं के सामने शिक्षा, रोजगार और करियर से जुड़ी अनेक चुनौतियाँ हैं। ऐसे में सामाजिक संस्थाओं का दायित्व केवल परंपराओं के निर्वहन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें युवाओं को सही दिशा देने, अवसरों के प्रति जागरूक करने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। बिहाव मड़वा पत्रिका के माध्यम से वैवाहिक परिचय के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं, शासकीय नौकरियों की तैयारी, करियर मार्गदर्शन, किसानों के लिए उपयोगी जानकारियों, शासकीय योजनाओं और समसामयिक सामाजिक विषयों को स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़कर आधुनिक अवसरों के लिए तैयार करना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त विकास मरकाम, पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया, अध्यक्ष नगर पालिका बालोद प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत बालोद सदस्य प्रभा नायक, चुन्नी मानकर, अध्यक्ष, नगर पंचायत डौण्डी मोहन्तीन चौरका, सदस्य, जिला पंचायत राजनांदगांव गोपाल भुआर्य, सदस्य, जिला पंचायत, मो.मान. अ.चौकी नरसिंह भंडारी, सदस्य, जिला पंचायत, मोहला मानपुर अंबा. चौकी रेखा कोठारी, सदस्य, समाज सेवक बृजलाल लेडिया, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विनोद रावटे, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लता उर्वशा, डॉ. दिपेश रावटे अध्यक्ष, कम्रचारी प्रकोष्ठ सहित समाज के सदस्यगण एवं युवक–युवती उपस्थित थे।

जनपद पंचायत गुरूर में सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



विकसित भारत जीराम–जी अंतर्गत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। जनपद पंचयत गुरूर के सभाकक्ष में अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व गुरूर शिवनाथ बघेल की अध्यक्षता में पंचायत के सचिव समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है।

जिसमें अर्नव तूफान से बचाव और सूरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए, साथ ही सचिवों को पंचायत के निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने, समय पर पेन्शन भुगतान करने, पयेजल एवं स्वच्छता के कार्य को ध्यान से करने निर्देश दिया गया है। विकसित भारत जीराम–जी में स्वीकृत बालिका शौचालय, मुक्तिधाम शेड एवं डी–फन्कसन बोरवेल रिचार्ज के कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। विकसित ग्राम पंचायत प्लान बनाने के साथ ही सभी पंचायत में मजदूरी मूलक कार्य प्रारंभ करने, अधिक से अधिक मजदूरी मूलक कार्य स्वीकृत कराने के साथ स्कुल शिक्षा के विगाग के प्राथमिकता के कार्य, स्वास्थ्य संबंधित प्राथमिकता के कार्य इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत कराने, ई केवाईसी के कार्य तीन दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है।

बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पन्नालाल धुरवे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनके.बागडे, आरएल. सिरमौर, कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार देवांगन, लक्ष्मी ठाकुर एडीईओ सहित अधिकारी–कर्मचारी ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित थे।

भागवत कथा में गूंजा गजेंद्र मोक्ष और वामन अवतार का प्रसंग



अंडा। रिसाली के प्रगति नगर स्थित मां परमेश्वरी भवन, सड़क नंबर-20 में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन मंगलवार को प्रख्यात भागवताचार्य संत श्री. निरंजन महाराज जी (लिमतरा वाले) ने गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार एवं राजा बलि के प्रसंगों का वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भगवान की लीलाओं का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कथा में गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए महाराज जी ने बताया कि जब गजेंद्र मगरमच्छ के चंगुल में फंसकर असहाय हो गया, तब उसने सच्चे मन से भगवान विष्णु का स्मरण किया। भक्त की पुकार सुनकर भगवान ने उसकी रक्षा की। इस प्रसंग के माध्यम से बताया गया कि विपत्ति के समय सच्चे मन से भगवान का स्मरण करने से भक्त को संबल मिलता है।

समुद्र मंथन और वामन अवतार की महिमा

समुद्र मंथन के प्रसंग में देवताओं और असुरों द्वारा अमृत प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों का वर्णन किया गया। वहीं, वामन अवतार की कथा में भगवान विष्णु द्वारा राजा बलि से तीन पग भूमि मांगने और अपने विराट स्वरूप से तीनों लोकों को नापने का प्रसंग सुनाया गया। महाराज जी ने बताया कि राजा बलि ने भगवान के समक्ष अपना सर्वस्व समर्पित कर त्याग और दानशीलता का परिचय दिया। इन प्रसंगों से श्रद्धालुओं को अहंकार त्यागने, दान-पुण्य करने और भगवान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा मिली।

शरद पूर्णिमा पर सजी काव्य गोष्ठी

औषधीय खीर का हुआ वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

हस्ताक्षर साहित्य समिति द्वारा 25 नवंबर को शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर काव्य गोष्ठी एवं औषधीय खीर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। सरिता गौतम एवं शमीम सिद्दीकी ने शरद पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष ठाकुर सरल ने की। शमीम सिद्दीकी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम का संचालन अमित प्रखर ने किया। काव्य गोष्ठी में साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर किया।

सरिता गौतम ने अपनी पंक्तियों यह शहर मुखौटों का है, यहां हर शख़्स अदाकार है के माध्यम से समाज की विसंगतियों को उजागर किया। दीपक कुमार मंडल ने शरद ऋतु के आगमन और प्रकृति के सौंदर्य का चित्रण किया। हास्य साहित्यकार घनश्याम पारकर ने महंगाई, मोबाइल की सेल्फी और पारिवारिक प्रेम को जोड़ते हुए शरद पूर्णिमा पर हास्य-व्यंग्य प्रस्तुत किया। अमित प्रखर ने प्रेम और मोहब्बत पर आधारित रचना सुनाई, वहीं संतोष ठाकुर सरल ने चांदनी रात, खीर और निरोगी काया की कामना को अपनी कविता में पिरोया। शमीम अहमद सिद्दीकी ने जीवन के संघर्ष, कर्म और विचारों में परिवर्तन का संदेश दिया। कामता प्रसाद देशलहरा ने छत्तीसगढ़ी रचना मोर संग चलव प्रस्तुत कर स्थानीय भाषा की मिठास बिखेरी।

कार्यक्रम के समापन पर औषधीय खीर का प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही समिति के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। आभार प्रदर्शन घनश्याम पारकर ने किया।

प्रगति स्कूल में पालक-शिक्षक बैठक मुकेश बने पालक समिति अध्यक्ष



डौंडीलोहारा। प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन, बेहतर परीक्षा परिणाम और सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान पालक समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से मुकेश कुमार देशमुख को पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पालक समिति के अन्य पदाधिकारियों में रिवेन्द्र कुमार ठाकुर को उपाध्यक्ष, हेमंत कुमार साहू को सहसचिव तथा टिकेश्वरी निषाद एवं खेमलता साहू को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में उपस्थित पालकों ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे। विद्यालय प्रबंधन ने पालकों द्वारा दिए गए सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार देवांगन ने विभिन्न विषयों के प्रभावी अध्यापन और बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

कमरौद में योग साधकों का सम्मान और दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्वामी रामदेव के योग संदेश को जन-जन और घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से पतंजलि योग समिति एवं सहयोगी संगठनों द्वारा निरंतर

- 100 से अधिक लोगों ने लिया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ

प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 25 अक्टूबर, रविवार को ग्राम कमरौद, तहसील गुंडरदेही, जिला बालोद में मासिक समीक्षा बैठक, योग योद्धाओं का सम्मान एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस कार्यक्रम में योग साधकों ने नियमित योगाभ्यास, स्वास्थ्य जागरूकता और योग से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर में 100 से अधिक लोगों ने लाभ लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन के साथ हुआ। इसके बाद योगाचार्य पुष्पेंद्र ने यौगिक जॉगिंग सहित विभिन्न योगाभ्यास और ध्यान कराया। इस दौरान योग के महत्व, नियमित दिनचर्या और संतुलित खानपान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम अंडी के दल्लूराम ने बताया कि वे लकवे की समस्या से पीड़ित थे। योगाचार्य तीरथ अटल की सलाह और मार्गदर्शन में योगाभ्यास शुरू करने के बाद उन्हें काफी लाभ मिला। नियमित योगाभ्यास को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। योग शरीर को ऊर्जावान बनाए रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से संस्था से जुड़कर नियमित योग करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि बालोद जिले के साथ अन्य जिलों के लोग भी प्रतिदिन ऑनलाइन जूम योग कक्षा से जुड़कर योगाभ्यास कर रहे हैं। इसमें महिलाएं भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभा रही हैं।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक लोगों को परामर्श: समारोह के दौरान नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें डॉ. घनश्याम सिन्हा ने एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर एवं कलर थेरेपी, डॉ. केवल सिंह कामड़ी ने आयुर्वेद एवं जड़ी-बूटियों से संबंधित परामर्श दिया। वहीं सुधा निर्मलकर ने रेकेनो थेरेपी के माध्यम से नि:शुल्क उपचार सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार का लाभ लिया।

योग साधकों का सम्मान

पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार से योग प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे बालोद जिले के समर्पित योग साधकों को समारोह में सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में तीरथ अटल, पूरन साहू, उमेश साहू, कमल कांत साहू, तेजेंद्र हिरवानी, घनाराम पटेल और घनश्याम सिन्हा शामिल रहे। इसके साथ ही नए योग साधकों को श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पतंजलि योग समिति के जिलाध्यक्ष तीरथ अटल, उपाध्यक्ष घनाराम देशमुख, भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी मुकेश आरदा, उपाध्यक्ष पूरन साहू, आजीवन सदस्य योगाचार्य अरुण साहू, महामंत्री उमेश साहू, युवा भारत प्रभारी गैद सिंह देशमुख, सोशल मीडिया प्रभारी कमल कांत साहू सहित मुकेश देशमुख, दिलीप साहू, यादराम साहू, हीरालाल पटेल, अमर डोंगरे, दीपक यादव, टिकेश्वरी साहू, जनपद सदस्य सरिता सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, नंदनी साहू, सुनीता हिरवानी, खुशी साहू, सुरेखा अटल, राजारानी सिन्हा, डिलेश्वरी साहू, ममता साहू, रेशमी साहू एवं ग्राम कमरौद के ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का आयोजन पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, युवा भारत समिति, किसान सेवा समिति एवं महिला पतंजलि योग समिति, जिला बालोद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

संगठन को मजबूत करना ही लक्ष्य: ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दिशा-निर्देश पर संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू जी ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के तिरगा, थानौद, भरदा, गनियारी एवं कोटनी सेक्टर कमेटी की संगठनात्मक बैठकों में शिरकत की। बैठक में कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते हुए श्री साहू ने कहा कि सेक्टर कमेटी की बैठकें निरंतर होनी चाहिए। निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को बदलकर सक्रिय, कर्मठ कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाए। कमेटी में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और पूर्व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। श्री साहू ने कहा कि राहुल गांधी जी को मजबूत करना है। हमारे पास अभी समय है, अभी से संगठन में मजबूती से काम करना होगा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा - कागजों में कार्यकर्ता न बनाएं, शो-पीस कार्यकर्ता नहीं चाहिए। धरातल पर जाकर काम करें। नेता नहीं, कार्यकर्ता बनकर काम करें। साथ ही नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के कार्य को गंभीरता से करने के निर्देश दिए। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रिवेन्द्र यादव ने बीएलओ के कार्यों को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य करें और बूथ को मजबूत करें।

बैठकों में बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करने एवं आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, पूर्व मंडी डायरेक्टर तारकेश्वर चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष नंद कुमार साहू, सरपंच तिरगा घसिया राम, बाबू लाल देशमुख, जनपद सदस्य दामिनी साहू, रमेश साहू, जीवन सिन्हा, लाल जी गुप्ता, पूर्व जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, पूर्व सरपंच मीना सूर्यवंशी, मंडल अध्यक्ष देवराज चतुर्वेदी, मोहन हरमुख, विशाल देशमुख, पूर्व जनपद हरेन्द्र देव, हिंछा राम पारकर, धनेश देशमुख, हेमंत देशमुख, सरपंच बिरेझर इंद्रजीत देशमुख, तुलसी देशमुख, मंडल अध्यक्ष शिवनारायण दिल्लीवार, पूर्व जनपद सभापति टिकेश्वरी देशमुख, सुनील मिश्रा, रोहित साहू, रविन्द्र सिन्हा, राजेन्द्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कौशल विकास, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के अवसरों से कराया परिचित

विमानन क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



स्व.डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल में माई फ्लेज इन्स्टीट्यूट ऑफ ऐविएशन एण्ड हास्पिटैलिटी रायपुर संस्था के माध्यम से एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.के.एल.रावटे ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में कैरियर के बहुत सारे विकल्प हैं लेकिन विद्यार्थियों को कैरियर संबंधित सही मार्गदर्शन उपलब्ध नहीं होने पर वे अपनी योग्यता और कौशल को पहचान नहीं पाते और उन्हें रोजगार के लिए इधर–उधर भटकना पड़ता है। ऐसे समय में विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से उन्हें सही और उचित मार्गदर्शन प्रदान करना, इस कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इसी कड़ी में आज माई फ्लेज इन्स्टीट्यूट रायपुर के माध्यम से विमानन के क्षेत्र में कैरियर निर्माण के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना कैरियर बना सकते हैं। संस्था से आये कैरियर काउंसलर काव्याश्री के द्वारा विमानन के क्षेत्र में कैरियर की संभावना विषय पर प्रोजेक्टर के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि विमानन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस में कामर्शियल पायलट और एयरहोस्टेस जैसे महत्वपूर्ण पदों के साथ साथ केबिन क्रू, एयरपोर्ट मैनेजर, लगेज और सुरक्षा गार्ड जैसे अनेक पद होते हैं जिसके लिए ऐविएशन इन्स्टीट्यूट के द्वारा 12वीं अथवा स्नातक के बाद विद्यार्थियों को कौशल विकास योजना के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता है तथा 100 प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान की जाती है। यह क्षेत्र अभी नया है और सरकार प्रशिक्षण के लिए कौशल विकास योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है तथा इसमें सभी वर्ग के विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करके एविएशन के क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता राजनीति विज्ञान डॉ. नाजमा बेगम द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रोफेसर टीएस.साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में माई फ्लेज इन्स्टीट्यूट ऑफ ऐविएशन रायपुर की कैरियर काउंसलर टीम काव्याश्री, साधना खुंटे, मेघा पटेल एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. मोहन साहू, हितेश राठौर, डॉ. अजय सरोज, महेश्वर साहू एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।



